## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.12.2025 समय : 1905

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुवाहाटी हवाई अड्डे के बाहर असम के पहले मुख्यमंत्री गोपीनाथ बरदोलोई की अस्सी फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल में करीब तीन हजार दो सौ करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारंभ किया।**
- **राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर कल द्वीप समूह में पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।**
- **शिक्षा निदेशालय के विज्ञान भााखा द्वारा टैगोर कॉलेज के सभागार में आज राज्य–स्तरीय विज्ञान और गणित क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने हवाई अड्डे के बाहर असम के पहले मुख्यमंत्री गोपीनाथ बरदोलोई की अस्सी फुट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण किया। प्रधानमंत्री दो दिन की असम दौरे पर आज गुवाहाटी पहुंचे। वे लगभग पन्द्रह हजार छह सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में तीन हजार दो सौ करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। श्री मोदी का हेलिकॉप्टर कम दृश्यता के कारण नदिया जिले के रानाघाट में ताहिरपुर में उतर नहीं पाया, इसलिए उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार पश्चिम बंगाल के क्षेत्रों में सम्पर्क बढाने का लगातार प्रयास कर रही है जिसकी काफी लम्बे समय से उपेक्षा की जा रही थी। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग–चौतीस के लगभग सड़सठ किलोमीटर लंबे बरजागुली–कृष्णनगर खंड के चार लेन के निर्माण का उद्घाटन किया। उन्होंने राज्य के उत्तर चौबीस परगना जिले में सत्रह किलोमीटर से अधिक लंबे बारासात–बरजागुली खंड के चार लेन के निर्माण की आधारशिला भी रखी।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी का ध्यान द्वीपों के विभिन्न हिस्सों में LPG सिलेंडरों की लगातार कमी और सप्लाई में देरी की ओर आकर्षित किया है। सांसद ने कहा कि LPG सिलेंडरों के अनियमित वितरण और देरी से डिलीवरी के कारण, घरेलू उपभोक्ताओं और कमर्शियल संस्थानों को अपनी रोजमर्रा की ज़रूरतों को पूरा करने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गुप्तापाड़ा, वंडूर, फरारगंज तहसील, श्री विजयपुरम तहसील के डेयरी फार्म क्षेत्र, कार निकोबार, कैंपबेल बे और आस–पास के इलाके शामिल है। सांसद ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से उपभोक्ताओं द्वारा उठाई गई शिकायतों की व्यापक जांच करने और स्थायी सुधारात्मक उपाय शुरू करने का आग्रह किया है, जिसमें पर्याप्त कवरेज और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार अतिरिक्त अधिकृत LPG डिस्ट्रीब्यूटरों की नियुक्ति शामिल है। उन्होंने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और A&N प्रशासन के उपभोक्ता मामले विभाग को पूरे द्वीपों में LPG सिलेंडरों की निर्बाध और समय पर सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह कल राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस अवसर पर सुबह साढ़े आठ बजे शहरी स्वास्थ्य केंद्र, जंगलीघाट में उद्घाटन समारोह आयोजित होगा, जिसमें बच्चों को पोलियो सी वैक्सीन की दो बूंदें पिलाई जाएंगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सचिव एवं मिशन निदेशक, यू टी एच एम, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, ऋचा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, जबकि निदेशक, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय डॉ. एच. एम. सिद्धाराजू विशिष्ट अतिथि होंगे।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ के नवनिर्मित दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया। श्री नड्डा ने इस क्षेत्र के देशों के मंत्रियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों से बातचीत की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि यह भवन मात्र एक ढांचा ही नहीं है, बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के लोगों की साझा आकांक्षाओं और सामूहिक

संकल्प का एक सशक्त प्रतीक है। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग को मजबूत करने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी साझा चुनौतियों के लिए देशों के बीच सहयोग, समन्वित और निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।

<><><><><><><>

डीब्रेट के सभागार में मनोविज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य पर आज एक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ANIIMS की मनोवैज्ञानिक और विशेषज्ञ डॉ. हेमलता ने अपनी व्याख्यान दीं। उन्होंने छात्रों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण विषयों डिप्रेशन, मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या, खुद को नुकसान पहुंचाने वाला व्यवहार, बहुत ज़्यादा गेमिंग, नींद की कमी, ज़्यादा सोचना, ब्रेकअप, जीवन के चुनाव, और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध के बारे में बात की। इस सत्र में एक इंटरैक्टिव सवाल–जवाब चर्चा भी हुई, जिसमें छात्रों ने पर अपनी चिंताएं शेयर कीं, और डॉ. हेमलता ने छात्रों को व्यक्तिगत काउंसलिंग भी दी। उन्होंने एक स्प्रिंट रेस का उदाहरण देकर जीवन के चुनावों के बारे में समझाया, डॉ. हेमलता कि सफलता व्यक्तिगत रुचि और कड़ी मेहनत से मिलती है, न कि दबाव या तुलना से, जिसका सीधा संबंध कॉलेज एडमिशन और करियर के फैसलों से है। इस सत्र में लगभग 56 छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

सीतानगर के जीपीएस एसवी मंदिर परिसर में आज निपुण मेला एवं बाला आर्ट क्लासरूम का उद्‌घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आनंददायक सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य निरंजन हलदर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीतानगर की वार्ड मेंबर जूलियाना देबनाथ, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, और डिगलीपुर की DEO सुलोचना, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम के दौरान, अलग–अलग क्लास के स्टूडेंट्स ने साक्षरता, अंकगणित, कला और एक्टिविटी–बेस्ड लर्निंग से जुड़े अलग–अलग कम लागत वाले टीचिंग–लर्निंग मटीरियल तैयार किए।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय, के विज्ञान विंग द्वारा, समग्र शिक्षा, UT मिशन अथॉरिटी के सहयोग से, आज टैगोर कॉलेज के सभागार में राज्य–स्तरीय विज्ञान और गणित क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आठ शैक्षिक क्षेत्रों के छात्रों ने अपर प्राइमरी, सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी स्तरों पर प्रतियोगिता में भाग लिया। उप निदेशक शिक्षा राम प्रवेश ने मुख्य अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में, समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना अधिकारी एस सुरेश कुमार ने भाग लेने वाले छात्रों को अपनी आंतरिक शक्तियों और प्रतिभाओं को पहचानने के लिए प्रेरित किया, उन्हें जिज्ञासा के साथ सीखने के लिए प्रोत्साहित किया, और अनुशासित अध्ययन की आदतों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को डिजिटल उपकरणों का बुद्धिमानी से उपयोग करने और शैक्षणिक और रचनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखने की भी सलाह दी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कराटे एसोसिएशन, अंडमान और निकोबार स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से सत्ताई और अटठाईस दिसंबर को श्री विजया पुरम में ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन करने जा रहा है। सभी कराटे खिलाड़ियों से कहा गया है कि वे छब्बीस दिसंबर तक गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण करा लें। फॉर्म के लिए प्रतिभागियों को एसोसिएशन के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से गूगल फॉर्म लिंक प्रदान किया जाएगा या प्रतिभागी कार्यालय में कार्यावधि के दौरान स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन, नेताजी स्टेडियम में संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>